an>

Title: Need to have a Uniform Civil Code in the country.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) ः वर्ष 2001 एवं 2011 की जनगणना की आंकड़ें चौंकाने वाले हैं। जनगणना के आंकड़े जनसांख्यिकी असंतुलन की जिस खतरनाक चेतावनी की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को उसके प्रति मौन नहीं रहना चाहिए। इस प्रकार के खतरनाक जनसांख्यिकी असंतुलन के प्रति दुनिया का कोई भी सप्रभु सम्पन्न राष्ट्र चुप नहीं रह सकता। सनातन हिन्दू धर्म के साथ-साथ सिक्खों और बौद्धों की संख्या में हो रही तीव्र कमी तथा मुस्लिम आबादी में लगातार हो रही तीव्र बढ़ोतरी जनसांख्यिकी असंतुलन की जिस खतरनाक स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करती है वह चौंकाने वाली है। सम्भवतः भारत दुनिया के उन चन्द देशों में होगा जहां इस प्रकार के खतरनाक दुप्रवृति पर मौन बना हुआ है। दुनिया के अंदर किसी भी राष्ट्र के भाग्य का फैसला वहां का बहुसंख्यक समाज करता है लेकिन जब बहुसंख्यक समाज का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा तो न केवल उस राष्ट्र की एकता और अखण्डता के सामने गंभीर चुनौती होगी अपितु लोकतंत्र भी खतरे में पड़ेगा। वर्ष 2001 एवं 2011 के जनगणना के आंकड़ों के आलोक में देश के अन्दर एक समान नागरिक कानून तथा जनसंख्या नियंत्रण के एक प्रभावी कानून की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

कृपया पूरे देश के अन्दर एक समान नागरिक संहिता एवं जनसंख्या नियंत्रण का एक प्रभावी कानून लागू किया जाए।